>

Title: Need to start classes for teaching Urdu language in Jawahar Navodaya Vidyalayas in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना): बिहार में जवाहर नवोदय विद्यालयों में उर्दू भाषा की पढ़ाई शुरू नहीं की गई है। उर्दू भाषा बिहार की द्वितीय भाषा है और वहां इसकी नवोदय विद्यालयों में पढ़ाई न होना दुर्भाग्यपूर्ण बात है। बिहार में अल्पसंख्यकों की आबादी करीब 16-17 प्रतिशत है। खास बात यह है कि वहां मलयालम, कन्नड़, मराठी और तमिल भाषाओं की पढ़ाई होती है, जिसके पढ़ने वाले कोई विद्यार्थी नहीं हैं। जहां तक मुझे जानकारी मिली है कि देश भर में लगभग 26 नवोदय विद्यालयों में ही उर्दू भाषा की पढ़ाई हो रही है। सच्चर कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए जो भी सिफारिशें की हैं, उसमें उनके पढ़ाई की ओर अधिक ध्यान देने की बात कही गई है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि बिहार में सभी नवोदय विद्यालयों में उर्दू भाषा की पढ़ाई जल्द से जल्द शुरू करने की व्यवस्था करने की कृपा करें। साथ ही साथ देश के सभी नवोदय विद्यालयों में भी उर्दू भाषा की पढ़ाई शुरू करने की योजना बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

...(*Interruptions*)

---

* Treated as laid on the Table. [R9]

...(*Interruptions*)